This question paper contains 4 printed pages]

आपका अनुक्रमांक ....

2664

B.A. (Programme)/I **D-II**

HINDI DISCIPLINE—Paper I

हिंदी अनुशासन-प्रश्नपत्र I

(हिंदी कविता, नाटक तथा हिंदी कविता का प्रवृत्तिगत इतिहास)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

1. किन्ही **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 12+12

(क) पाछैं लागा जाइ था, लोक बेद के साथि ।

पैंडे में सतगुर मिल्या, दीपक दीया हाथि ॥

कबीर सतगुर नां मिल्या, रही अधूरी सीष ।

स्वांग जती का पहिरि करि, घरि घरि मांगै भीष ॥

(ख) कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास,

कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास ।

कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त

कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त ।

(ग) नहीं कृष्ण की,

नहीं राम की

नहीं भीम, सहदेव, नकुल की,

नहीं पार्थ की,

नहीं राव की, नहीं रंक की,

नहीं तेग, तलवार, धर्म की,

नहीं किसी की, धर्म की,

नहीं किसी की, नहीं किसी की,

धरती है केवल किसान की ।

2. बिहारी **अथवा** भवानी प्रसाद मिश्र का साहित्यिक परिचय लिखिए। 10

3. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8+8

(*i*) तुलसीदास की भक्ति-भावना स्पष्ट कीजिए ।

(*ii*) नीतिकाव्य परम्परा में वृंद सतसई का स्थान निर्धारित कीजिए ।

(*iii*) 'अरुण यह मधुमय देश हमारा 'कविता का प्रतिपाद्य लिखिए।

(*iv*) 'जागो फिर एक बार' कविता का उद्देश्य रेखांकित कीजिए।

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

ये पन्ने अपने हाथों से बनाकर सिए थे । सोचा था तुम राजधानी से आओगे, तो तुम्हें यह भेंट दूँगी । कहूँगी कि इन पृष्ठों पर अपने सबसे बड़े महाकाव्य की रचना करना । परंतु उस बार तुम आकर भी नहीं आए । और यह भेंट यहीं पड़ी रही । अब तो ये पन्ने टूटने भी लगे हैं, और मुझे कहते संकोच होता है कि ये तुम्हारी रचना के लिए हैं ।

अथवा

मैं ऐसे व्यक्ति को अच्छी तरह समझती हूँ । तुम्हारे साथ उसका इतना ही सम्बंध है कि तुम एक उपादान हो, जिसके आश्रय से वह अपने से प्रेम कर सकता है । अपने पर गर्व कर सकता है । परंतु तुम क्या सजीव व्यक्ति नहीं हो ? तुम्हारे प्रति उसका या तुम्हारा कोई कर्तव्य नहीं है ? कल तुम्हारी माँ का शरीर नहीं रहेगा और घर में एक समय के भोजन की भी व्यवस्था नहीं होगी, तो जो प्रश्न तुम्हारे सामने उपस्थित होगा, उसका तुम क्या उत्तर दोगी । तुम्हारी भावना उस प्रश्न का समाधान कर देगी ?

5. मल्लिका **अथवा** कालिदास की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 15

6. (क) संत काव्य धारा **अथवा** कृष्ण भक्ति काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । 15

(ख) भारतेंदु **अथवा** छायावाद पर टिप्पणी लिखिए । 10